## खबर संक्षेप

### विद्यालय में मनाया गया कृष्ण जनमाष्टमी



**शहडोल।** जिला महिला समिति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में कृष्ण जनमाष्टमी के उपलक्ष्य में छात्र-छात्रओं द्वारा मटकी फोड प्रतियोगिता, राधकृष्ण की झॉकी, फैन्सी ड्रेस आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये तथा प्रतिभागी सभी छात्र छात्राओं को पुरुरूकृत किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती संगीता दुबे सचिव, गायत्री वासुदेव, राखी शर्मा विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### कमिश्नर कार्यालय में हुई जनसुनवाई



**शहडोल।** संभागायुक्त श्रीमती सुरभि गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को कमिश्नर कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में संभाग के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं, शिकायतें और मांगें रखीं। कमिश्नर ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में शहडोल जिले के ग्राम कोटमा निवासी दुआसिया कुशवाहा ने गरीबी रेखा में नाम जोडने की मांग रखी। अनूपपुर जिले के ग्राम सरफा निवासी राकेश मिश्रा ने अतिथि शिक्षक पद के लिए किए गए आवेदन को स्वीकार कराने की गुहार लगाई। इसी तरह शहडोल के ग्राम फुनगा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक गणेश मिश्रा ने नियुक्ति वर्ष 1974-75 से पूर्ण वेतनमान दिलाए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम भमता बड़ाटोला (शहडोल) निवासी सविता सिंह ने आंगनवाड़ी सहायिका भर्ती प्रक्रिया में हुई गड़बड़ी की जांच कराने की मांग की। कमिश्नर ने इन सभी मामलों को संबंधित विभागों को प्रेषित करते हुए कहा कि शिकायतों का निराकरण त्वरित और पारदर्शी तरीके से किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

### कलेक्टर ने सुनी जनता की समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

**शहडोल।**कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के दूर-दराज़ क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें प्रस्तुत कीं। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में ग्राम कोटमा निवासी रमेश कुशवाहा ने नक्शा तरमीम कराने का आवेदन प्रस्तुत किया। शहडोल नगर के वार्ड क्रमांक 7 के ओमप्रकाश जायसवाल, रजनीश दुबे और अभय सिंह ने सामूहिक रूप से जिला चिकित्सालय के पीछे स्थित कचरा संग्रहण स्थल को हटाने की मांग रखी। ग्राम दूधी निवासी यशोदा पटेल ने आंगनवाड़ी सहायिका पद के चयन में अंतिम मेरिट सूची जारी करते समय बीपीएल अंकों को शामिल न किए जाने की शिकायत दर्ज की। वहीं ग्राम बिलटिकुरी निवासी गौरीबाई ने लाड़ली बहना योजना की राशि दिलाने की मांग रखते हुए आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को प्रेषित करते हुए शीघ्र और पारदर्शी निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकता आमजन को योजनाओं और सेवाओं का लाभ समय पर दिलाना है, इसलिए जनसुनवाई में आई शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई होनी चाहिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिंहा, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### नरसरहा गोदाम में यूरिया के लिए उमड़ी भीड़, हफ्तों से खाली हाथ लौट रहे किसान

# शहडोल में खाद संकट गहराया, खतरे में किसानों की फसलें

**शहडोल।** खरीफ सीजन के बीच किसान यूरिया की एक बोरी के लिए हफ्तों से गोदामों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन खाली हाथ लौट रहे हैं। नरसरहा गोदाम में हालात बेकाबू हैं, जहां हजारों किसान रोजाना लाइन लगाते हैं। समय पर खाद नहीं मिलने से फसलें सूखने की कगार पर हैं और किसानों का आक्रोश उबाल पर है। कृषि प्रधान जिले में इन दिनों खाद संकट किसानों के लिए सबसे बड़ी समस्या बनकर खड़ा हो गया है।





हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि यूरिया की एक बोरी के लिए किसानों को हफ्तों से लाइनें लगानी पड़ रही हैं। जिला मुख्यालय के नरसरहा गोदाम का दृश्य इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जहां सुबह से ही हजारों किसान खाद लेने के लिए जमा हो जाते हैं, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि खरीफ फसल, विशेषकर धान की रोपाई के बाद खेतों में यूरिया डालना बेहद जरूरी है। लेकिन समय पर खाद उपलब्ध न होने से फसलें प्रभावित हो रही हैं। कई किसानों ने गुस्से में कहा कि अगर जल्द ही खाद की आपूर्ति नहीं हुई तो उनकी मेहनत पर पानी फिर जाएगा और फसलें बर्बाद हो जाएंगी।

**गोदाम पर हंगामा, फिर भी नहीं मिला समाधानः** नरसरहा गोदाम में कुछ मात्रा में यूरिया पहुंची जरूर, लेकिन वितरण शुरू न होने से किसानों का आक्रोश और बढ़ गया। हजारों की संख्या में जमा किसानों ने आरोप लगाया कि उन्हें बार-बार गोदाम का चक्कर लगवाया जा रहा है, लेकिन खाद देने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई। कई किसान सुबह से शाम तक लाइन में खड़े रहने के बाद भी खाली हाथ लौट गए। ग्राम पंचायतों से आए किसानों ने बताया कि खरीफ सीजन में हर दिन का महत्व होता है। धान की फसल में खाद न मिलने पर उत्पादन पर गंभीर असर पड़ेगा। किसान रामप्रसाद पटेल का कहना है, पिछले एक हफ्ते से रोजाना गोदाम के चक्कर लगा रहा हूं। लाइन में खड़ा रहता हूं, लेकिन खाद मिलने का नाम नहीं है। फसलें सूखने की कगार पर हैं।

#### काला बाजारी के आरोप

किसानों ने आरोप लगाया कि गोदामों में खाद की आपूर्ति समय पर नहीं की जा रही है। जब भी खाद आती है, वह सीमित मात्रा में होती है और आम किसानों तक नहीं पहुंच पाती। ग्रामीणों का कहना है कि बाजार में यूरिया गायब है, लेकिन बिचौलियों और काला बाजारी करने वालों के पास खाद आसानी से मिल रही है। किसानों का आरोप है कि प्रशासन की लापरवाही और मिलीभगत से खाद की कालाबाजारी जोरों पर है।

#### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

ग्रामीण किसानों का कहना है कि इस समस्या की जानकारी शासन और प्रशासन को कई बार दी गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। किसान नाराज हैं कि अधिकारियों के भरोसेमंद आश्वासन से उनका पेट नहीं भरेगा और न ही खेतों में लहलहाती फसलें उगेंगी। उन्हें सिर्फ समय पर खाद की आपूर्ति चाहिए।

#### नाराज किसानों ने खोला मोर्चा

नाराज किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही खाद संकट दूर नहीं किया गया, तो वे सडक़ पर उतरकर आंदोलन करेंगे। उनका कहना है कि किसानों की अनदेखी का खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा। जिले का खाद संकट लगातार गहराता जा रहा है। खरीफ सीजन में यूरिया की अनुपलब्धता ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। अगर जल्द ही शासन-प्रशासन ने कड़े कदम नहीं उठाए तो न केवल किसानों की मेहनत बर्बाद होगी, बल्कि जिले की कृषि अर्थव्यवस्था पर भी गहरा असर पड़ेगा।

# खेत में अकेली महिला से पड़ोसी की दरिंदगी

### पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा, एएसपी ने दी जानकारी



**शहडोल। जिले के सीधी थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली वारदात ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। यहां 30 वर्षीय विवाहित महिला के साथ खेत में काम करते समय पड़ोसी युवक ने दुष्कर्म किया। घटना उस समय हुई जब महिला निंदाई करने खेत पर अकेली गई थी। इसी दौरान पड़ोसी युवक मनीष खान ने मौके का फायदा उठाकर महिला पर हमला किया, उसके कपड़े फाड़े और जबरन बलात्कार किया।**

पीड़िता ने किसी तरह आरोपी के चंगुल से खुद को छुड़ाया और भागकर घर पहुंची। उसने परिजनों को पूरी घटना बताई और साहस जुटाकर महिला थाना शहडोल में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जीरो पर अपराध दर्ज किया और केस डायरी सीधी थाना पुलिस को सौंप दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए सीधी थाना प्रभारी और उनकी टीम ने आरोपी मनीष खान को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1) के तहत मामला दर्ज किया और उसे न्यायालय में पेश किया। कोर्ट के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया है। इस घटना ने एक बार फिर से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। खेत-खलिहानों में अकेले काम करने वाली महिलाओं को ऐसे अपराधियों का शिकार बनना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इस मामले में प्रशासन से कड़ी कार्रवाई और पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि खेत में काम कर रही महिला के साथ उसके ही पड़ोस में रहने वाले युवक ने जबरन दुराचार किया। शिकायत मिलते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसे जेल भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि कानून अपने तरीके से काम कर रहा है और अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। वहीं पीड़िता और उसके परिवार ने पुलिस प्रशासन की तत्परता की सराहना की, लेकिन साथ ही सरकार से मांग की है कि महिला को न्याय दिलाने के साथ-साथ आर्थिक सहायता भी दी जाए, ताकि वह इस मानसिक और सामाजिक पीड़ा से उबर सके। इस वारदात ने एक बार फिर समाज को सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर कब तक महिलाएं खेत-खलिहानों से लेकर घर-आंगन तक सुरक्षित रह पाएंगी।

# गौशाला में लगी आग से पांच मवेशियों की दर्दनाक मौत

**पपौंध थाना क्षेत्र के उजरा बरा गांव की घटना, पुलिस ने जांच शुरू की**

**शहडोल।** जिले के पपौंध थाना क्षेत्र के ग्राम उजरा बरा में बीती रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां घर से सटी गौशाला में अचानक आग लगने से पांच मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना रात्रि करीब तीन बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम निवासी रामकृष्ण मिश्रा के घर के बाजू में गौशाला बनी हुई है। बीती रात अचानक गौशाला में आग भडक़ उठी। मवेशियों के चिल्लाने की आवाज सुनकर परिवारजन दौड़े और आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग विकराल रूप ले चुकी थी। देखते ही देखते पूरा गौशाला आग की चपेट में आ गया।आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन प्रयास विफल रहे। इसके बाद तत्काल पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बृजेंद्र मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दमकलकर्मी भी पहुंचे। लगभग तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक गौशाला में मौजूद सभी पांच मवेशियों की जलकर मौत हो चुकी थी।थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि मवेशियों को मख्खी न लगे, इसके लिए परिवारजन गौशाला में धुआं करते थे। सम्भवतः उसी आग से यह हादसा हुआ है। हालांकि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस दर्दनाक घटना से गांव में शोक का माहौल है। परिजनों ने अपनी मेहनत और आजीविका के साधन रहे मवेशियों को एक ही हादसे में खो दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# ट्रेन की चपेट में आने से तीन मवेशियों की मौत

**शहडोल।** जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत फतेहपुर गांव के पास रेलवे लाइन पर बीती शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां रेलवे ट्रैक पार कर रहे तीन मवेशी अचानक आ रही ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसा इतना भीषण था कि तीनों मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सोमवार को शाम लगभग 5 बजे के आसपास फतेहपुर गांव के समीप कुछ मवेशी रेलवे ट्रैक के पार जा रहे थे। उसी समय तेज रफ्तार ट्रेन वहां से गुजरी और मवेशियों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों मवेशी दूर तक जा गिरे और घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद वहां मौजूद ग्रामीणों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घटना की जानकारी मिलते ही आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और स्थिति को देखा। ग्रामीणों ने बताया कि अक्सर इस क्षेत्र से मवेशी गुजरते रहते हैं क्योंकि रेलवे लाइन के दोनों ओर खेत और चरागाह हैं। ट्रेन के गुजरने का समय न समझ पाने के कारण कई बार इस तरह की घटनाएं हो जाती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे प्रशासन को ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों में चेतावनी बोर्ड और अलार्म लगाने चाहिए, ताकि जानवरों और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। हादसे के बाद ग्रामीणों ने मवेशियों के शवों को ट्रैक से हटाया, जिससे रेल यातायात बाधित न हो। इस घटना की सूचना सिंहपुर थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस पहुंची और मामले की जानकारी ली।

# जनजातीय वर्ग के समग्र विकास के लिए ग्राम स्तर पर स्थापित होंगे आदि कर्मयोगी केन्द्र




### एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम संपन्न

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने बताया कि भारत सरकार द्वारा जनजातीय समाज के समग्र विकास के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से योजनाएं संचालित की जा रही हैं। भारत सरकार द्वारा सम्पूर्ण जनजातीय समाज के समग्र विकास के लिए धरती आबा कार्यक्रम संचालित करने जा रही है।

इस अभियान के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न विभागों के माध्यम से योजनाओं के संचालन हेतु जनपद स्तर पर नोडल अधिकारी तैनात किए जाएंगे। यह दल सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से जनजातीय ग्रामों में विजन निर्माण में सहायता प्रदान करेंगा। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डीसी मिश्रा ने बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जनपद स्तर, क्लस्टर स्तर तथा ग्राम स्तर पर दलों का चयन किया जाएगा। इसमें जमीनी स्तर पर प्रमुख रूप से जनजातीय विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्कूल शिक्षा एवं पर्यावरण वन एवं ग्रामीण आजीविका परियोजना विभाग द्वारा कन्त्वजेन्स के माध्यम से ग्राम के विजन निर्माण के आधार पर गैप की पूर्ति के लिए संयुक्त रूप से प्रयास करेंगे। जिले में अभियान को गति देने के लिए जिला स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक प्रशिक्षण कार्यकम्र जारी करते हुए प्रशिक्षण दल का गठन किया गया है।आदि कर्मयोगी मिशन का लक्ष्य जनजातीय समुदाय को अधिक सशक्त बनाना और शासन को जमीनी स्तर पर अधिक उत्तरदायी, समावेशी और प्रभावशाली बनाना है। यह जनजातीय समुदाय के विकास हेतु संचालित पीएमजनमन और धरती आबा कार्यक्रम के साथ जुड़ा है। ग्राम स्तर पर गठित की जाने वाली टीम में संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच-अध्यक्ष, शिक्षक- सचिव, तथा ग्राम पंचायत संचिव, रोजगार सहायक एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशाकार्यकर्ता तथा संबंधित ग्राम के दो सर्वमान्य व्यक्ति समिति के सदस्य होंगे। इसी तरह क्लस्टर स्तर पर समिति का गठन किया जाएगा। जिसमें क्लस्टर स्तरीय विभिन्न विभागों के शासकीय सेवक सदस्य रहेंगे। इसी तरह जनपद स्तर पर जनपद स्तरीय अधिकारी समिति के सदस्य होंगे।

जिला स्तर के अधिकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं मानीटरिंग के लिए उत्तरदायी रहेंगे। ज्ञातव्य है कि जिले से विभिन्न विभागों के 7 अधिकारियों को राज्य स्तर पर जिला स्तरीय मास्टर टेऊनर का प्रशिक्षण दिया गया है। अब ये मास्टर टेऊनर जिला स्तर पर ब्लाक मास्टर ट्रेनर्स, प्रोसेस लैब का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 20 अगस्त से 22 अगस्त तक शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय विचारपुर में प्रशिक्षण देंगे। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ज्योति परस्ते, भागीरथी लहरे, श्रीमती अन्तोनिआ एक्का, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# गणेशोत्सव में मिट्टी से बनीं गणेश प्रतिमाओं का उपयोग करने की अपील



### मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने का दिया गया प्रशिक्षण

**शहडोल।** जिले में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और नागरिकों को प्लास्टर ऑफ पेरिस से निर्मित प्रतिमाओं के दुष्प्रभावों से जागरूक करने के उददेश्य से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा माटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले में जन अभियान के सदस्यो द्वारा लोगो को मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। माटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान के तहत जिला पंचायत के सभागार एवं विकासखंड गोहपारू के ग्राम पंचायत करूआ में लोगो को मिटटी से गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय ने कहा कि आगामी गणेशोत्सव को पूरे भक्तिमय के साथ मनाए और पर्यावरण के संरक्षण एव सवंर्धन के लिए मिट्टी से बने गणेश जी की प्रतिमाओ का उपयोग करें।

उन्होंने कहा कि मिट्टी की प्रतिमाएँ पानी में घुलकर पर्यावरण को किसी भी प्रकार की हानि नहीं पहुँचातीं, जल और भूमि को शुद्ध बनाए रखने में सहायक होती हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान लोगों को त्योहारों को प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर मनाने की प्रेरणा देता है।

जन अभियान परिषद के अन्य सदस्यो ने भी नागरिकों से अपील की है कि वे गणेश उत्सव पर माटी से बने गणेश ही घर लाएँ और पर्यावरण संरक्षण में अपनी जिम्मेदारी निभाएँ। प्रशिक्षण के दौरान मूर्तिकार रितिक गुप्ता एवं संतोष कुमार सिंह द्वारा प्रतिभागियों को पारंपरिक विधि से गणेश प्रतिमाएँ बनाने की अन्य तकनीको से भी अवगत कराया गया। उक्त प्रशिक्षण में जन अभियान परिषद के ब्लाक समन्वयक श्रीमती प्रिया सिंह बघेल, समाजसेवी राजेश्वर उदानिया, श्रीमती निभा गुप्ता, आलोक कुमार सोधिया, प्रशिक्षक प्रवीण दुबे, मुकेश कुमार पाठक, राज पांडेय, लोकनाथ नामदेव सहित जन अभियान परिषद के नवांकुर संस्था प्रस्फुटन समिति के अन्य सदस्य, एसडब्लयू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र व अन्य लोग उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### 29 अगस्त को कैरियर काउंसिलिंग योजना के तहत कार्यशाला

**उमरिया।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि कैरियर काउंसिलिंग योजना के अंतर्गत कार्य-शाला का आयोजन 29 अगस्त को शासकीय पालीटेक्निक उमरिया में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया गया है । कार्यशाला मे काउंसलर को अच्छे कैरियर मार्गदर्शन के लिए कौन-कौन से कदम उठाने चाहिए विभिन्न योग्यताओ वाले विभिन्न क्षमताओं वाले विधार्थियो के लिए कौन-कौन से व्यवसाय क व रोजगार मूलक पाठ्यक्रम इसमें प्रवेश का क्या तरीका है , प्रवेश परीक्षा की तैयारी केसे करे इसी प्रकार अन्य जानकारी इस कैरियर मार्गदर्शन कार्य शाला के माध्यम से उपलब्ध करायी जाएगी।

### बस कंडक्टर से गाली गलौज मारपीट करने पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

**हरिभूमि न्यूज रामनगर।** रामनगर थाना मे पंकज बस जो पेंड्रा से मनेन्द्रगढ चलती है उसका कलेक्टर राजेश द्विवेदी ने शिकायत दर्ज करवाया कि वह 17 अगस्त को बस मे ड्यूटी पर था बस जैसे ही झिरिया टोला मे रूकी तभी झिरिया टोला निवासी चंदन केवट आया और मेरे साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा तभी बस चालक सुरेश ने बीच-बचाव किया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चंदन केवट के विरुद्ध बीएनयस की विभिन्न धाराओं मे मामला दर्ज कर विवेचना मे लिया।

### कोतमा एवं पसान में शिविर का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी अंतर्गत 01 अगस्त से 31 अगस्त तक जिले में पीएम आवास माह का आयोजन करने संबंधी निर्देश दिए गए हैं। उक्त के संबंध में जिले के सभी नगरीय निकायों में पीएम आवास माह के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली ने अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाया जाकर नगरीय निकाय क्षेत्रों में आईएसएस योजना, आरआरसी तथा पीएम आवास माह के अन्य बिन्दुओं में वांछित प्रगति हेतु शिविरों की तिथि का निर्धारण कर दिया है। जिसके अनुसार नगरपालिका परिषद कोतमा एवं नगरपालिका परिषद पसान में 20 अगस्त को प्रातः 11 बजे से शाम 5:30 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत

उमरिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को किया गया है। लोक अदालत में विद्युत प्रकरणो में छूट प्रदान की जाएगी । प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छःमाही चक्र वृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी।लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्र वृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी।

## स्वास्थ्य विभाग के संरक्षण में संचालित नियम विरुद्ध पैथोलॉजी

# फिर अवैध पैथोलाजी की चालू हुई दुकानदारी

**कटघरे में अधिकारियों की कार्य प्रणाली**

ग्रामीण क्षेत्र में इन दिनों प्रतिदिन सैकड़ो मरीज अवैध पैथोलॉजी के जाल में फंसकर आर्थिक शोषण का शिकार हो रहे हैं अवैध पैथोलॉजी के कारोबार से समाज के नामी ग्रामीण लोग भी शामिल हैं लिहाजा उनके खिलाफ प्रशासन कार्यवाई करने से कतराता है मरीजों की जिंदगी पूरी तरह भगवान के रहमों करम पर निर्भर है।

मानपुर।

विकास खण्ड अंतर्गत चिलहारी में इन दिनों झोलाछाप डॉक्टरों की वजह से मरीजों की जान आफत में है ना केवल डॉक्टर बल्कि पैथोलॉजी और एकसरे का बोर्ड लगाकर चिल्हारी में फर्जीवाड़े का खेल चल रहा है झुग्गी झोपडिय़ों तक में डॉक्टर के बोर्ड लगे हुए हैं जहां मरीजों का आर्थिक शोषण जारी है चिल्हारी मुख्यालय में ही खून जांच सहित अन्य जांचों के नाम पर टैक्निशयनो ने दुकान खोल रखी है




### मरीजों पर आर्थिक दबाव

चिल्हारी बस स्टैंड स्थित सेवा पैथॉलाजी लैब के द्वारा चिकित्सकों के सहारे चल रही अधिकांश चिकित्सक मरीज को रक्त या अन्य जांच करने के लिए मजबूर कर देते हैं, जहां जरूरत ना हो वहां भी पैथोलॉजी जांच करना अब चिकित्सकों की आदत बन गई है, जिसका आर्थिक दबाव मरिज पर पड़ता है, मानपुर जनपद मुख्यालय के चिल्हारी में विष्णु कांत यादव नामक व्यक्ति द्वारा सेवा पैथोलॉजी का संचालन चिल्हारी बस स्टैंड के आगे संचालित है जो नियमों के विरुद्ध संचालित हो रहा है, जबकि विष्णु कांत यादव का लैब संचालित है , उसी का फायदा उठाकर विष्णु कांत यादव नियम विरुद्ध सेवा पैथोलॉजी का संचालन कर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार जानकर भी अनजान हैं।

### किराए की डिग्री

स्वास्थ्य विभाग ने जिले में संचालित पैथोलॉजी लैबों की खुली छूट दे रखी है सुप्रीम कोर्ट के नए नियम के अनुसार पैथोलॉजी लैब चलाने के लिए अब सिर्फ एमडी पैथोलॉजिस्ट ही मानय होंगे, लेकिन इसके उलट बी फार्मा वा गायनोकोलॉजी डिग्री वाले लैब चला रहे हैं, सूत्रों की माने तो कथित लैब संचालक द्वारा लगाई गई डॉक्टर की डिग्री किराए पर लेकर संचालित की जा रही है, खबर है कि उक्त डाक्टर की डिग्री के द्वारा कई पैथोलॉजी संचालित हो रही है।

### यह कहती है गाइडलाइन

मध्य प्रदेश शासन व इंडियन मेडिकल काउंसिल के नियमों व प्रावधानों के अनुसार नियमानुसार पैथोलॉजी लैब का संचालन नहीं करने पर संचालकों पर एफआईआर करने के साथ कानूनी धाराएं लगाकर कार्यवाही करने का प्रावधान है, वहीं सुप्रीम कोर्ट और मेडिकल काउंसिल के अनुसार मेडिकल साइंस में विशेषज्ञ भी वही कहलाएगा जो एमबीबीएस के बाद पीजी डिग्री या डिप्लोमाधारी हो स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर अवैध लैब को प्रतिबंधित करने कितने कारगर कदम उठाए गए हैं, यह लैबों के संचालन तथा विभाग के दस्तावेजों को देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

### जिम्मेदार मीटिंग में व्यस्त

चिलहारी में इन दिनों ग्रामीण अंचलों में नियमों की विपरीत पैथोलॉजी का संचालन हो रहा है इसके अलावा झोलाछाप सहित अन्य किसी बात को लेकर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार जवाब देने से बचने के नए-नए बहाने निकालते रहते हैं जहां एक और विकासखंड अधिकारी को जानकारी दी गई उनके द्वारा कहा गया आपके द्वारा जानकारी दी गई निश्चित ही कार्यवाही की जाएगी

### इनका कहना है...

आपके द्वारा जानकारी दी गई है, हम निश्चित ही लैब संचालक के विरुद्ध नोटिस जारी करवाते हैं और उचित कार्यवाही करेंगे

**एन.पी.जैसल**



## कृषकों के दल को कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**उमरिया।** राज्य पोषित योजना अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण रथ को कलेक्टर धारणेन्द्र कुमार जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । सहायक संचालक उद्यानिकी ने बताया कि यह रथ 20 अगस्त को बिलासपुर से रायपुर पहुंचेगा जहां कृषि विज्ञान केंद्र में कृषक प्रशिक्षण एवं सरकंडा फार्म का भ्रमण करेगा तथा रात्रि विश्राम यहीं होगा। इसी तरह 21 अगस्त को रायपुर में ही कृषि विज्ञान केंद्र में कृषक प्रशिक्षण एवं वाना फार्म एवं व्ही एन फार्म का भ्रमण एवं रात्रि विश्राम, 22 अगस्त को रायपुर से राजनादगांव के लिए प्रस्थान करेगा, जहां कृषि विज्ञान केंद्र में प्रशिक्षण एवं क्षेत्र भ्रमण रात्रि विश्राम करेगा। 23 अगस्त को राजनाँदगांव से उमरिया के लिए यह दल वापस होगा। इस अवसर पर उप संचालक कृषि सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी आवेदकों की समस्यायें

उमरिया।

साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर धारणेन्द्र कुमार जैन ने जिले के दूर दराज से आये लोगो की समस्याओं को सुना तथा समस्याओ के निराकरण हेतु संबंधित विभाग की ओर आवेदन प्रेषित किया ।

जनसुनवाई में जागेश्वर ग्राम सलैया 5 ने वृद्धावस्था पेंशन, राशन पर्ची दिलाने, छोटी बाई फजिलगंज ने घर गिरने पर मुआवजा राशि दिलाने, प्रभू दयाल तिवारी ग्राम घुनघुटी ने मुख्यमंत्री राहत कोष से इलाज हेतु सहायता राशि दिलाने, नत्थू लाल साहू पुराना पड़ाव ने पीएम किसान सम्मान निधि का भुगतान कराने, द्रोपती महोबिया सस्तरा ने लाड़ली बहना योजना की राशि का भुगतान कराने, राम



सिंह ग्राम मुदरिया ने शासकीय रास्ता खुलवाने, शांति बाई बैगा मानपुर ने पति की मृत्यु होने पर संबल योजना का लाभ दिए जाने, वकीला यादव ग्राम देवगवां ने रूंधे हुए रास्ते को खाली कराने संबंधी आवेदन दिया। इस अवसर पर एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## परिवहन विभाग ने कार्यवाही करते हुए 97 हजार रूपये का जमा कराया चालान



उमरिया।

परिवहन आयुक्त के निर्देश पर उमरिया जिले में परिवहन विभाग ने सोमवार को जिला परिवहन अधिकारी रमा दुबे के नेतृत्व में सडक़ पर दौड़ रहे ओवरलोड वाहनों, बिना इंश्योरेंस और बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट के वाहनों पर कार्यवाही करते हुए करीब 97 हजार का चालान जमा कराया गया। कार्रवाई के दौरान बस ऑपरेटरों को निर्देश दिए गए कि यात्रियों की सुविधा के लिए सभी बसों में किराया सूची चस्पा करवाई जाए,जिससे आमजन से मनमानी वसूली पर रोक लग सके। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि इससे परिवहन व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहेगी और यात्रियों को सही किराया जानकारी मिल सकेगी।

उन्होने कहा कि ओवरलोडिंग, बिना इंश्योरेंस और बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट के वाहन सडक़ पर चलाना न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि यह लोगों की जान से खिलवाड़ भी है आम जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है,इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।स्थानीय लोगों ने इस अभियान का स्वागत करते हुए कहा कि इस तरह की कार्रवाई से सडक़ों पर अनुशासन कायम होगा और दुर्घटनाओं में कमी आएगी। परिवहन विभाग ने वाहन मालिकों और चालकों से अपील की है कि वे समय पर इंश्योरेंस कराएँ,निर्धारित मानकों के अनुसार नंबर प्लेट लगवाएँ और ओवरलोडिंग से बचें।

## माटी सिद्ध गणेश अभियान

# आयोजित किया गया माटी के गणेश जी बनाने का प्रशिक्षण

हरिभूतिम न्यूज जमुना/बदरा।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा नर्मदा समग्र के साथ इस वर्ष घर घर मिट्टी गणेश जी गणेश चतुर्थी पर विराजमान करने के उद्देश्य से माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान चलाया जा रहा है इसके तहत अनूपपुर जिले के चारो विकासखण्ड़ में मिट्टी के गणेश जी बनाने के प्रशिक्षण आयोजित किये जाएंगे। इन प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रशिक्षण प्रदान करने वाले प्रशिक्षको का प्रशिक्षण विगत दिवस जिला कार्यालय अनूपपुर में आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण में नर्मदा समग्र के कार्यकर्ता दिनेश जी ने सभी को सहज तरीके से मिट्टी के गणेश जी बनाने का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान अपर कलेक्टर दिलीप पाण्डेय जिला समन्वयक जन अभियान परिषद उम्मेश पाण्डेय, नर्मदा समग्र के कार्यकर्ता शिव खैरवार सहित उनके कार्यालय स्टॉफ व जिले भर से आए माटी कलाकर, परामर्शदाताओं, नवांकुर संस्था प्रतिनिधि, सीएमसीलड़ीपी छात्रो ने माटी के गणेश जी बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया नर्मदा समग्र के दिनेश ने बताया कि प्रतिवर्ष देशभर में करोड़ो लोग गणेश चतुर्थी पर बाजार से गणेश जी की प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्ति लाकर पूजा अर्चना करते है तदुपरांत नदी या अन्य स्थलों पर उनका विसर्जन करते है इससे पेंट व अन्य केमिकल जिनका प्रयोग मूर्ति बनाने के लिये किया जाता है। वो नदी के पानी मे घुलकर उसमे रहने वाले जलीय जीवों को नुकसान करने सहित पर्यावरण प्रदूषित करते है इनके लिए नर्मदा समग्र प्रति वर्ष गणेश चतुर्थी के पूर्व इस तरह का मिट्टी के गणेश जी बनाने का अभियान चलाता है व आमजन से अनुरोध करता है कि घर मे ही गमले या अन्य किसी पात्र में पानी भरकर इनका विसर्जन करें व गमले में एक पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे विकासखंड स्तर के प्रशिक्षण उपरांत इस वर्ष पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री की मंशानुसार जन अभियान परिषद के कार्यकर्ता गांव गांव जाकर ग्रामीणों को माटी के गणेश जी बनाने का प्रशिक्षण प्रदान करेंगे व भाव के साथ पर्यावरण के संरक्षण का संदेश दँगे। जिला समन्वयक जन अभियान परिषद ने बताया कि उन्हें प्रशिक्षण प्राप्त करने के दौरान भगवान गणेश जी के प्रति जो भाव जागृत हुआ वह बाजार से गणेश जी खरीदकर लाने में नहीं होता है साथ ही खर्च भी कुछ नहीं है व बनाने में समय भी बहुत नहीं लगता सभी लोग पूरे परिवार के साथ मिलकर इस वर्ष गणेश जी अपने घर मे बनाए केवल मिट्टी और पानी के अलावा इसमें कुछ नहीं लगता है।

## अवैध रेत का उत्खनन परिवहन करते ट्रेक्टर ट्राली को किया जप्त

उमरिया।



क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय एवं उप संचालक विवेक सिंह बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया के निर्देश पर सहायक संचालक भूरा गायकवाड़ के नेतृत्व में गश्ती टीम के साथ में खितौली ग्राम के वन क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन परिवहन करता हुआ एक नग ट्रैक्टर ट्राली पीछा कर ट्रैक्टर ट्राली पकड़ा गया एवं सुरक्षा हेतु वन परिक्षेत्र कार्यालय खितौली (कोर) के कैम्पस में ट्रैक्टर ट्राली को रखा गया। अपराध घटित क्षेत्र धमोखर वन परिक्षेत्र के अन्तर्गत होने के कारण से सचिन सिंह वन परिक्षेत्र अधिकारी धमोखर के द्वारा वैधानिक कार्यवाही पूर्ण की गई वाहन चालक का नाम राजू भुमिया उम्र 28 वर्ष है। ट्रेक्टर में नंबर नही पाया गया। जप्त रेत 2.5 घन मीटर है जिसकी कीमत 4.50 लाख रूपये है। कार्यवाही के समय टीम के अन्य सदस्य परिक्षेत्र अधिकारी स्वास्तिश्री जैन, परिक्षेत्र सहायक देवीदीन पटेल, पुरूषोत्तम बर्मन वनरक्षक एवं लोकेश बर्मन वाहन चालक कार्यवाही में उपस्थित रहे।

## नगर परिषद डोला में जंगली हिंसक जानवरों की दस्तक

### तुर्रा धाम के सीसीटीव्ही में कैद हुआ वन्यजीव, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज राजनगर।

मध्यप्रदेश के अंतिम छोर पर स्थित नगर परिषद डोला के वार्ड क्रमांक 10 से सटे छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित पावन धार्मिक स्थल तुर्रा धाम में सोमवार रात करीब 11:36 बजे एक जंगली जानवर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ। धार्मिक स्थल की सुरक्षा के लिए स्थापित कैमरों में यह खतरनाक वन्यजीव स्पष्ट रूप से नजर आ रहा है, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। यह घटना डोला और हल्दीबाड़ी खदान क्षेत्र के बीच स्थित घने जंगलों के पास तुर्रा धाम की है, जहां वन्यजीवों की आमद पहले भी संदिग्ध रही है, लेकिन इस बार यह घटना पवित्र स्थल और रिहायशी क्षेत्र के अत्यंत करीब होने के कारण लोगों में दहशत का कारण बन गई है।

### तुर्रा धाम समिति रही सतर्क

तुर्रा धाम समिति के पदाधिकारियों ने जैसे ही कैमरों में यह दृश्य देखा, उन्होंने बिना देरी किए न केवल स्थानीय नगरवासियों, बल्कि पुलिस प्रशासन और वन विभाग को भी सूचित किया। समिति ने आसपास के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और रात के समय घरों से बाहर निकलने से बचें।

### वन्यजीव की मौजूदगी चिंता का विषय

तुर्रा धाम, जो श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है, वहां पर इस तरह की वन्यजीव गतिविधि कई सवाल खड़े करती है। रात के समय आने वाले श्रद्धालुओं और साधकों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई जा रही है। सोशल मीडिया में वन प्राणी की फोटो वीडियो प्रकाशित होने पर नगर परिषद डोला के द्वारा वन विभाग को सूचना दी गई साथ ही नगर परिषद टीम से गस्ती दल को भी अन्य वार्ड में जंगली जानवरों से सतर्क रहने के लिए एलाउंसमेंट कराया गया जिससे की जंगली जानवर से किसी भी जनमानस की हनी ना हो सके।

### ग्रामीणों और श्रद्धालुओं से की गई अपील

रात के समय अकेले बाहर न निकलें। बच्चों और बुजुर्गों को विशेष रूप से सावधानी बरतने को कहा गया है। तुर्रा धाम क्षेत्र में दर्शन या पूजा के लिए जाने वाले लोग समूह में जाएं। किसी भी संदिग्ध आवाज़ या जानवर की मौजूदगी की सूचना तुरंत वन विभाग या पुलिस को दें।

### मानव-वन्यजीव संघर्ष की बढ़ती चुनौती

विशेषज्ञों का मानना है कि लगातार जंगलों की कटाई, खदानों का विस्तार और भोजन की कमी के चलते वन्यजीव अब रिहायशी इलाकों की ओर रुख कर रहे हैं। यह घटना भी इसी बदलते पारिस्थितिकी तंत्र का परिणाम हो सकती है। विशेष रूप से तुर्रा धाम आने-जाने वालों के लिए यह समय अत्यधिक सतर्कता का है। वन विभाग और प्रशासन की भूमिका जहां इस संकट से निपटने में महत्वपूर्ण है, वहीं आमजन की जागरूकता और सहयोग से ही किसी बड़ी अनहोनी को टाला जा सकता है।

### इनका कहना है।

वार्ड पार्षद के द्वारा जानकारी दी गई थी कि वार्डों में जंगली जानवर का आगमन हो रहा है जिस पर सूचना के आधार पर नगर परिषद से बुनियादी करते हुए एलॉउसमेंट कराया जा रहा है जिससे लोग सतर्क रहें।

**रविशंकर तिवारी, उपाध्यक्ष नगर परिषद डोला**

**खबर संक्षेप**



## विधायक ने लोक निर्माण मंत्री से सड़क निर्माण कराने की मांग

**सिलौंडी**। बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, मंडल उपाध्यक्ष राकेश दुबे, योगेंद्र सिंह ठाकुर के साथ लोक निर्माण विभाग मंत्री राजेश सिंह के निवास जाकर बड़वारा विधानसभा के 2024 में आई बाढ़ से प्रभावित 17 गांव की सड़कों को पुन बनाने की मांग की है । बाढ़ के कारण 17 गांव की सड़कें पूरी तरह खराब हो गई थी । साथ ही ग्राम सुनतरा से दशरमन मार्ग और सिलौंडी से अम्हेटा मार्ग बनाने के लिए पत्र सौंपा है । बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के क्षेत्रीय दौरे में मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने विधायक को सिलौंडी से अम्हेटा मार्ग और सुनतरा से दशरमन मार्ग की जर्जर हालत की जानकारी देते हुए मार्ग निर्माण की बात की थी । सिलौंडी से नेगाईं पुल की भी क्षतिग्रस्त पुल को तुरंत नवीन पुल बनाने की मांग की है।

## पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगा सीधे प्रवेश

**कटनी**। शासकीय आईटीआई में खाली सीटों को भरने के लिए संस्था स्तर पर सीएलसी राउंड और ₹पहले आओ, पहले पाओ₹ राउंड की प्रक्रिया शुरू हो रही है।इसके तहत आईटीआई में प्रवेश के इच्छुक युवाओं को अब सीधे प्रवेश का मौका मिल रहा है जिन छात्रों ने अब तक आईटीआई में प्रवेश नहीं लिया है, उनके लिए 18 अगस्त से 22 अगस्त तक पंजीयन और चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया चलेगी। इस राउंड में भाग लेने के लिए छात्रों को सबसे पहले पंजीकरण कराना होगा और फिर अपनी पसंद के आईटीआई और ट्रेड का चुनाव करना होगा। 25 अगस्त को छात्रों को अपनी चुनी हुई संस्था (आईटीआई) में उपस्थित होना होगा। 26 अगस्त को मेरिट सूची जारी की जाएगी, और मेरिट में नाम आने पर प्रवेश दिया जाएगा।28 अगस्त को प्रतीक्षा सूची (वेटिंग लिस्ट) के छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। यदि सीएलसी राउंड के बाद भी सीटें खाली रहती हैं, तो 29 अगस्त को बची हुई सीटों की जानकारी दी जाएगी। इस राउंड में जो भी छात्र पहले आईटीआई में उपस्थित होंगे, उन्हें तुरंत प्रवेश दे दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए छात्र नोडल शासकीय आईटीआई कटनी, बरही, बहोरीबंद, कैमोर, विजयराघवगढ़ एवं शासकीय आईटीआई ढीमरखेड़ा में संपर्क कर सकते हैं।

## धरवारा ग्राम में निकली कन्हैया की झांकी



**सिलौड़ी**। जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर धरवारा ग्राम में भी भगवान श्री कृष्ण की सुन्दर झांकी और रात्रि रामायण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जुलूस में नन्द के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की। श्री कृष्ण भगवान के जयकारों से संपूर्ण धरवारा गांव गुंजायमान रहा है।भगवान की झांकी यादव मोहल्ला से शुरू होकर पूरे गांव में घुमाई गई। कार्यक्रम में में उपसरपंच अमित गर्ग हीरा लाल यादव, बलदेव यादव, रामकुमार यादव, लल्लू यादव, गंगू यादव, उमेश यादव, रामसजीवन यादव, राजा यादव, मनोहर यादव, रामनाथ विश्वकर्मा, रामकुमार नामदेव, पंकज नामदेव सहित महिलाएं व ग्रामवासियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में यादव समाज के वरिष्ठ जनों ने गांव में सफल कार्यक्रम हेतु सभी का आभार व्यक्त किया।।

## 20 अगस्त पुनः खोला गया एमपीटास पोर्टल

**कटनी**। जिले की शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं में अध्ययनरत पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनांतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के नए आवेदन पत्र जमा करने के लिए एमपीटास पोर्टल को 20 अगस्त तक पुनः खोल दिया गया है।

# मंहत श्रीराम बालक दास महाराज के सोलहवीं पर आज मंदिर में भंडारा

हरिभूमि न्यूज, बुढार।

**श्रीरामजानकी मंदिर के विरक्त महंत प्रातः स्मरणीय संत श्री श्रीराम बालक दास जी के असमय महा प्रयाण से समूचा नगर वा क्षेत्र स्तब्ध है। कटनी-बिलासपुर रेलखंड में यह ऐसा एकमात्र मंदिर है जो विरक्त संतों की गद्दी है। संत परम्परा के अनुसार उनकी सोलहवीं पर 20 अगस्त बुधवार को संत-महात्माओं का भोजन और विशाल भंडारा का आयोजन नगर समिति ने आयोजित किया है।**





मंहत श्री का आगमन युवा अवस्था में साकेत वासी मंहत नारायण दास शास्त्री जी के क्षत्र - छाया में आपने ठाकुर ज़ी की पूजा अर्चना की शुरुआत की और दक्ष पाए जाने पर 1995 में छोटी छावनी अयोध्या के महंत राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्री नृत्य गोपाल दास ने आपको मंदिर का महंत घोषित कर गद्दी दी।उस समय से लेकर 4 अगस्त 2025 तक मंहत श्रीराम बालक दास जी ने ईश्वर की सेवा निष्ठाभाव से करते हुए मंदिर का अनंत विकास किया। वर्ष भर मंदिर में होने वाले विविध कार्यक्रम यथावत चलते रहे। प्रत्येक 5 वर्ष में किये जाने वाले पंच कुण्डी महायज्ञ भी समय पर आयोजित होते रहे। आप चारों पीठ के शंकराचार्यों की छत्रछाया आशीर्वाद प्राप्त कर असमय ही अनंत में विलीन हो गये आपके किये गये कार्यों को नगर कभी नहीं भुला पायेगा।

### संत परम्परा अनुरूप सोलहवीं पर आज श्रद्धांजली सभा व भंडारा का आयोजन

**बुढार**। श्रीरामजानकी मंदिर के महंत श्रीराम बालक दास जी महाराज के महाप्रयाण उपरांत संत परम्परा के अनुरूप उनकी सोलहवीं पर आज 20 अगस्त को श्रद्धांजली सभा का आयोजन मंदिर में प्रातः 9 बजे से अपरान्ह 12 बजे तक किया गया है, इसके उपरांत भंडारा का आयोजन संपन्न होगा। महंत श्री श्रीराम बालक दास ज़ी के असमय महाप्रयाण से नगर तथा आस-पास के श्रद्धालु जन स्तब्ध चकित हैं और उनमें गहरा दुःख व्याप्त है। ऐसे महंत श्री को चारों पीठ क़े शंकराचार्यों की छत्रछाया भी प्राप्त थी। संत परम्परा के अनुरूप साकेतवासी महंत श्रीराम बालक दास जी के सोलहवीं पर आज 20 अगस्त को संत महात्माओं एवं ब्राम्हणभोज के साथ विशाल भंडारा का आयोजन नगर समिति द्वारा किया है। महंत श्रीश्री 108 श्रीराम बालकदास जी का बुढार प्रदार्पण बाल्यकाल अवस्था में हुआ,और साकेत वासी महंत स्वामी श्री नारायणदास शास्त्री जी महाराज की क्षत्र छाया में महंत श्री नें मंदिर में विराजित ठाकुर ज़ी की पूजा अर्चना की शुरुआत की और सन-1995 में छोटी छावनी अयोध्या के महंत एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्री 1008 नृत्य गोपाल दास ज़ी ने स्वामी जी के सानिध्य में मंदिर के महंत पद पर श्रीराम बालक दास जी महाराज अभिषिक्त किया गया, तब से लेकर अनवरत महंत श्री राम बालकदास जी विधि-विधान पूर्वक ठाकुर जी की पूजा-अर्चना करते हुये निष्ठा पूर्वक मंदिर के विकास कार्य को मूर्त स्वरूप में अपनी भरपूर सहभागिता निभाई, ऐसे महंत जी के प्रति जिले एवं क्षेत्रिय श्रद्धालु जनों में पूरी श्रद्धा व आस्था थी, जिन्होनें श्रीराम जानकी मंदिर में होनें वाले विविध कार्यक्रमों को भव्यता दिलायी वहीं प्रत्येक 05 वर्ष में किये जाने वाले पंच कुण्डीय महायज्ञ को संपन्न करानें में अपनी महती भूमिका का निर्वहन किये, ऐसे पूज्य महंत श्री नें 04 अगस्त 2025 तक मंदिर में ठाकुर जी की सेवायें दी। साकेतवासी महंत श्री को श्रद्धालु जन आयोजित श्रद्धांजली सभा में आज श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे।

# शिकायतें अटेंड नहीं करने वाले अधिकारियों को दी सख्त हिदायत, शोकाज नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के कामकाज की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने माइनिंग कॉन्क्लेव की तैयारियों, सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों, ग्राम भजिया में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद के दौरान प्राप्त शिकायतों एवं उर्वरक की उपलब्धता आदि की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत और अपर कलेक्टर साधना परस्ते भी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री यादव ने आगामी 23 अगस्त को जिले में आयोजित होने वाली माइनिंग कॉन्क्लेव की तैयारियों के संबंध में चर्चा करते हुये सभी अधिकारियों को इस कॉन्क्लेव के दौरान पूरी सजगता और सक्रियता से उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सौंपे गये दायित्वों का पूरी गंभीरता से निर्वहन करेंगे। माइनिंग कॉन्क्लेव हेतु अब तक देशभर से 1500 से अधिक नामी-गिरामी उद्योगपति व निवेशक पंजीयन करवा चुके हैं।

कलेक्टर श्री यादव ने समर्थन मूल्य पर मूंग और उड़द खरीदी के भुगतान की स्थिति की भी समीक्षा की। बताया गया कि अब तक 70 करोड़ 62 लाख रूपये का किसानों को भुगतान हो गया है। कलेक्टर ने इलेक्ट्रिक सेफ्टी विभाग को पेट्रोल पंपों से फायर एनओसी की निर्धारित राशि तत्काल जमा कराने के निर्देश दिए।

**सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा-** सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री यादव ने सभी विभागों को 50 दिवस से अधिक समय से लंबित पड़ी शिकायतों का नियमानुसार निराकरण करने एवं फोर्स क्लोज कराने के

**किसानों को जरूरत के मुताबिक पर्याप्त मात्रा में मिलेगी खाद**

# जिले के लिए नीम कोटेड 515 मीट्रिक टन यूरिया खाद की एक और रैक पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से निरंतर संवाद और सार्थक प्रयासों की वजह से वर्तमान में खरीफ फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की एक और रैक सोमवार को झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे कटनी जिले को 515 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया मिली है।

झुकेही रैक प्वाइंट से परिवहन कर यूरिया जिले में लाई जा रही है। इसके पहले पिछले मंगलवार को भी 1080 मीट्रिक टन यूरिया जिले को मिली थी। इस प्रकार अब किसानों की जरूरत के लिए जिले में यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता हो गई है।

जिला विपणन अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र एवं बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 90-90 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 125 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी।

इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, सीएमएस बाकल, प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़ तथा एमपी एग्रो कटनी को 30-30 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जायेगी। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने सभी खाद दुकानों के बाहर सूचना बोर्ड अवश्य लगाने के निर्देश दिए हैं। इस बोर्ड में प्रत्येक उर्वरक की उपलब्ध मात्रा का विवरण और इसी के सामने उर्वरक की दर लिखवाने की हिदायत कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को दिया है।

कलेक्टर ने किसानों से आग्रह किया है कि वे खाद एवं बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत या खाद एंव बीज मिलने में असुविधा संबंधी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 07622-220070 एवं 07622-220071 पर दे सकते हैं।

## वीरांगना अवंती बाई लोधी की जयंती पर निकली वाहन रैली



वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी का 194 वां जन्मदिन के उपलक्ष्य में लोधी समाज द्वारा जन्म दिवस मनाया गया। वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी का जन्म 16 अगस्त 1831 को ग्राम मनकेडी जिला- सिवनी मध्य प्रदेश में हुआ था तहसील ढीमरखेड़ा के लोधी समाज द्वारा उनके 194 वां जन्मदिन के अवसर पर तहसील ढीमरखेड़ा मुख्यालय से मोटरसाइकिल वाहन रैली निकल गई जो कि ढीमरखेड़ा बस स्टैंड से थाना तिराहा एवं मुख्य मार्ग से गुजरते हुए विशाल रैली निकल गई इसके बाद अनेकों ग्रामों देवरी,सनकुई, मुरवारी, गनियारी दशरमन तक विशाल रैली निकली गई दशरमन में वीरांगना महारानी की प्रतिमा में फूल माला चढ़ाकर सभा को संबोधित किया गया एवं उपस्थित सभी लोगों को जलपान कराया गया इसके बाद सभा का आयोजन छोटे कछार गांव में किया गया और उपस्थित जनों को कार्यक्रम के आयोजकों के द्वारा संबोधन कर समापन किया गया जिसमें प्रांतीय अध्यक्ष मुलायम लोधी, ओबीसी सभा जिला अध्यक्ष बीके लोधी, प्रहलाद पटेल ,जय करण पटेल, लक्ष्मी लोधी, इंद्र कुमार लोधी, रविंद्र पटेल ,सुरेंद्र पटेल ,प्रहलाद पटेल पारस पटेल ,बृजेश पटेल अज्जू पटेल लक्ष्मी पटेल,सुनील लोधी आदि उपस्थित रहे ढीमरखेड़ा पुलिस प्रशासन का योगदान रहा।

# संस्कृत सप्ताह अभियान का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



संस्कृत भारती द्वारा आयोजित संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम समूचे कटनी जिले मे आयोजित किया गया जिसके तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। प्रथम दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्लीमनाबाद में छात्रों द्वारा तिलक बंधन एवं द्वितीय दिवस व्याख्यान माला तथा रक्षाबंधन श्रावण पूर्णिमा के दिन संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में महिला मंडल द्वारा सिंह वाहिनी मंदिर में वेद पूजन के पश्चात रामायण का आयोजन किया गया तथा संस्कृत सप्ताह के समापन अवसर पर सिलिकोबाइट कॉलेज कटनी में विधि विभाग के छात्रों के साथ अल्प व्याख्यान माला का आयोजन किया गया जिसमें विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी रहे। कॉलेज के संचालक डॉक्टर पारस जैन, संस्कृत भारती कटनी जिलाध्यक्ष अध्यक्ष डॉ दिलीप त्रिपाठी द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए संस्कृत के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कहा कि हम सभी भारतवासी संस्कृत के अध्ययन के उपरांत केवल वेदांग ही नहीं अन्य शास्त्रों को पढ़ने एवं समझना की क्षमता का विकास होता है! संस्कृत केवल एक भाषा ही नहीं बल्कि संस्कार प्रदान करने वाली अभिव्यक्ति है।

देववाणी संस्कृत को जनवाणी के रूप मे स्थापित करने व्यापक स्तर पर संस्कृत भारती के द्वारा प्रसार किया जा रहा है। संस्कृत भारती संस्कृत भाषा मे निहित ज्ञान भंडार के संरक्षण, संवर्धन, विकास ओर प्रचार का कार्य कर रही है। संपूर्ण कटनी जिले में यह आयोजन प्रांत संगठन मंत्री डॉ मनोज पांडे के निर्देशन में अनेकों जगह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**सिलौड़ी बस स्टैण्ड में यात्रियों को उठानी पड़ रही कई मुसीबतें**

# मूलभूत सुविधाओं की कमी से यात्री, खासकर महिलाओं को अधिक परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी



सिलौंडी बस स्टैंड जहां से लगभग चौरासी गांव के मुसाफिर सवारी वाहनों के माध्यम से आना-जाना करते हैं परंतु यहां पर मुसाफिरों और व्यापारियों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। बस स्टैंड के व्यापारियों व यात्रियों का कहना है की यहां पर कोई अनहोनी या घटना दुर्घटना हो जाए तो पुलिस की सहायता पाने के लिए लोगों को इंतजार करना पड़ता है। शराबी लोग व्यापारियों से विवाद करते है। कुछ नाबालिक भी गलत संगत होने के कारण शराब पीकर व्यापारियों से पैसे की मांग करते है । बालिकाओं को कॉलेज आने जाने में दिक्कत होती है।

आपको बता दे की बस स्टैंड सिलौंडी से आस पास कछार गांव बड़ा, गौरा, खमरिया बागरी, नेगाई, पाली, कचनरी सहित आधा सैकड़ा से अधिक गांव के लोग आवागमन करते हैं जो इसी बस स्टैंड से अपने गंतव्य की यात्रा करते हैं। सिलौंडी से जबलपुर, कुंडम, सिहोरा, कटनी, मंडला के लिए आना-जाना करते हैं । यहां न तो बैठने की व्यवस्था है न ही पानी की पीने की व्यवस्था है। प्रसाधन सुविधा तक का अभाव है। स्ट्रीट लाइट नहीं होने से रात्रि के समय स्थिति और खराब हो जाती है। बस स्टैंड के आसपास शराबी शराबखोरी करते हैं जिससे विशेष रूप से महिला यात्रियों के मन में भय सताता रहता है।

बस स्टैंड के व्यापारियों व यात्रियों ने बताया कि यहां महिला सांसद, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच और 13 महिला पंच होने के बाद भी एक महिला प्रसाधन नही बन पा रहा है।

लोगों का कहना है की मार्ग से मुख्य बस स्टैंड में अतिक्रमण के चलते दिन भर जाम की स्थिति बनती है यहां पर पुलिस की नितांत आवश्यकता लोगों को समझ में आती है। क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों व व्यापारियों का कहना है की इस सबंध मे एसपी से भेंटकर समस्या बताई जावेगी।

**नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा अभियान, शिकायतों पर हो रही कार्यवाही**

# आवारा श्वानों को एनिमल बर्थ कंट्रोल रूम एवं मवेशियों को भेजा कांजी हाउस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





नगर के विभिन्न क्षेत्रों से आवारा श्वानों की प्राप्त शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे द्वारा विगत 5 जून को अमकुही स्थित जल शोधन संयंत्र प्लांट के एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर के परिसर का निरीक्षण कर शेष कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करानें के निर्देश दिए थे।

निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में एनिमल बर्थ कंट्रोल रूम का शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराते हुए सोमवार से आवारा श्वानों को डॉग केचर नेट के माध्यम से सुरक्षित पकड़ने हेतु माधव नगर के एडीएम लाइन एवं शांति नगर में अभियान चलाया गया। जिसके तहत अब तक 4 आवारा श्वानों को वाहन पिंजरा के माध्यम से एनिमल बर्थ कंट्रोल रूम में भेजा जा चुका है।

आयुक्त नीलेश दुबे ने एनिमल बर्थ कंट्रोल रूम के संबंध में बताया कि इस कंट्रोल रूम में जनसंख्या नियंत्रण हेतु लाए जाने वाले श्वानों के अतिरिक्त आक्रमक किस्म के श्वानों को भी लाया जायेगा तथा उपचार पश्चात पुनः छोड़ दिया जायेगा। इससे आवारा श्वानों की समस्या के संबंध में काफी हद तक छुटकारा मिलेगा। स्वास्थ्य अधिकारी श्री सोनी ने नगर के श्वान पलकों को जानकारी देते हुए बताया कि नगर में यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। अपने पालतू श्वानों को निर्धारित स्थल पर बांधकर रखने की अपील श्वान पलकों से की है।

### 10 मवेशी भेजे गए कांजीहाउस

नगरीय क्षेत्र के सार्वजनिक मार्गों में आवारा घूमने वाले मवेशियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के मद्देनजर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी,निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में निगम की हांका टीम द्वारा सभी जोन क्षेत्रों में आवारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान निरंतर चलाया जा रहा है।

प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया है कि प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुपालन में रविवार रात्रि शहर के बस स्टैंड,कुठला क्षेत्र,पन्ना मोड़ ,शहडोल बायपास सहित विभिन्न क्षेत्रों में हाका टीम के कर्मचारियों द्वारा अभियान चलाया जाकर 10 नग आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में भेजा है। अभियान के तहत आवारा मवेशियों को पकड़ने हांका टीम शहर में विभिन्न संसाधनों के साथ शहर के मार्केट क्षेत्र तथा अंदरूनी क्षेत्र की सड़कों सहित मुख्य मार्गों में घूमने वाले आवारा मवेशी को पकड़ने का कार्य कर काऊ केचर वाहन में मवेशियों को डालकर सीधे कांजी हाउस में छोड़ने का कार्य कर रही है।

निगमायुक्त नीलेश दुबे ने नगर के समस्त पशुपालकों से अपने - अपने पालतू पशुओं को निर्धारित स्थलों पर ही बांधकर रखने की अपील करते हुए कहा है कि सार्वजनिक मार्गो में पशुओं के आवारा विचरण करते पाए जाने पर पशु मालिक के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।



# हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

शासकीय माध्यमिक शाला चाँदन में 79 वें स्वतंत्रता दिवस को बड़े ही धूमधाम से जश्न के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम प्रभात फेरी, तिरंगा रैली निकाली गई। शाला में अध्यनरत छात्र-छात्राओं व विद्यालय स्टाफ द्वारा ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति पेश की गई। ग्राम के वरिष्ठ नागरिक हरिप्रसाद पांडे द्वारा विद्यालय में प्रतिदिन आने वाले छात्र-छात्राओं को स्टील के टिफिन लंच बॉक्स 100 छात्र-छात्राओं को वितरित किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को ग्रामीणों द्वारा प्रोत्साहन राशि से पुरष्कृत किया गया। इस शुभ अवसर पर ग्राम के हरिप्रसाद पांडे भगवान दीन यादव भूतपूर्व सरपंच, संतराम यादव, दादूराम यादव, सोने लाल यादव , विनोद यादव , कमला प्रसाद तिवारी, मदन नामदेव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन आभार उद्बोधन के साथ शाला के प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन के पश्चात शाला में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को सुरुचि भोज करवाया गया। इस दौरान स्कूल स्टाफ से शाला के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनील कुमार तिवारी, श्रीमती सुनंदा ठाकुर, श्रीमती रजनी राजपूत, नरेंद्र सिंह, श्रीमती प्रियंका कोरी की सराहनीय उपस्थिति रही।

**स्थानीय प्रशासन की लापरवाही से हुई घटना, कलेक्टर का आदेश रद्दी की टोकरी में**

# अज्ञात वाहन मवेशियों को रौंदकर चालक वाहन सहित फरार

## अमरकंटक में सड़क पर बैठे चार मवेशियों की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक। अमरकंटक के बांधा स्थित नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास सोमवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज़ रफ़्तार अज्ञात ट्रक ने सड़क पर बैठे मवेशियों को बेरहमी से रौंद दिया।

इस भीषण हादसे में दो गाय, एक बछड़ा और एक बैल की मौके पर ही मौत हो गई।



घटना के बाद वाहन चालक बिना रुके वहाँ से फ़रार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रात लगभग 2 बजे अमरकंटक से बांधा तिराहा की ओर से गुजर रहे तेज़ रफ़्तार ट्रक ने अचानक बीच सड़क पर बैठे मवेशियों को रौंद दिया। हादसे के बाद आसपास के लोग घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए।

### स्थानीय लोगों में आक्रोश

घटना के बाद ग्रामीणों में गुस्सा फूट पड़ा। उनका कहना है कि अक्सर सड़क पर मवेशी बैठे रहते हैं और तेज़ रफ़्तार वाहन चालकों की लापरवाही के कारण आए दिन इस तरह की दुर्घटनाएँ होती रहती हैं। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर वाहनों की गति पर नियंत्रण रखने के लिए ठोस कदम उठाए जाएँ।

### पूर्व से उठती रही मांग, पर कोई कार्रवाई नहीं

गौरतलब है कि अमरकंटक क्षेत्र में सड़क किनारे मवेशियों का बैठना आम बात है। पूर्व में भी समाचार पत्रों में बार-बार यह आशंका जताई जाती रही है कि आवारा मवेशियों के कारण कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है। इस समस्या के समाधान के लिए नगर पंचायत से कांजी हाउस बनाए जाने की मांग लगातार होती रही है। ज्ञात हो कि कलेक्टर के आदेशानुसार बार-बार नगर पंचायत को यह कहा गया है कि सड़कों पर मवेशियों को बैठने न दिया जाए, लेकिन परिषद हमेशा कांजी हाउस न होने और कर्मचारियों की कमी का हवाला देकर पल्ला झाड़ती रही है। नतीजतन, प्रशासनिक उदासीनता और व्यवस्थागत लापरवाही के कारण इस तरह की घटनाएँ थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

### हर वार्ड में लगा रहता है मवेशियों का जमावड़ा

अमरकंटक नगर के लगभग सभी वार्डों की सड़कों पर दिन भर मवेशियों का जमावड़ा देखने को मिलता है। शाम होते ही इनकी संख्या और बढ़ जाती है। कई बार ये मवेशी आपस में भिड़ जाते हैं, जिससे राहगीर और दोपहिया वाहन चालक इनकी चपेट में आकर घायल हो जाते हैं। नर्मदा मंदिर मार्ग और मुख्य बाज़ार रोड पर तो अक्सर मवेशी झुंड बनाकर बैठे रहते हैं, जिससे न केवल ट्रैफ़कि जाम होता है बल्कि गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है।

**खबर संक्षेप**

## शासकीय भूमि में अतिक्रमण पर सरपंच ने कलेक्टर को लिखा पत्र




हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। अनूपपुर के ग्राम फुनगा में शासकीय भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे को लेकर ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती रेखा सिंह ने कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपा है। शिकायत के अनुसार फुनगा स्थित आराजी खसरा क्रमांक 452/1 रकबा 0.607 हे (लगभग डेढ़ एकड़) शासकीय भूमि में से करीब एक एकड़ भूमि पर अतिक्रमणकारियों द्वारा कब्जा कर लिया गया है, जबकि शेष भूमि पर मकान निर्माण सामग्री का भंडारण कर निर्माण कार्य की तैयारी की जा रही है। बताया गया है कि इस संबंध में दिनांक 18 अगस्त को नायब तहसीलदार कौशलेन्द्र मिश्र को सूचना देकर अवैध निर्माण कार्य रोकने की मांग की गई थी, परंतु मौके पर पहुँचे पटवारी दीनदयाल टांडिया द्वारा न तो कोई कार्रवाई की गई और न ही अतिक्रमणकर्ताओं को रोका गया। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम उजागर कर अतिक्रमणकर्ताओं को उसके विरुद्ध भड़काया जा रहा है। इससे गांव में तनाव की स्थिति निर्मित हो रही है। सरपंच श्रीमती रेखा सिंह ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि ग्राम फुनगा की शासकीय भूमि आराजी खसरा क्रमांक 452/1 की सम्पूर्ण भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने की तथा दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविरों का किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम पसला, आंगनबाड़ी केन्द्र पसला, शासकीय पूर्व मा0वि0 ग्राम बिजौडी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम फुनगा एवं आंगनबाड़ी केन्द्र ग्राम फुनगा में क्रमानुसार विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में विनोद कुमार वर्मा न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर ने भारतीय संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य, यातायात नियम, जागृति-जमीनी स्तर पर सूचना और पारदर्शित पहल के लिए न्याय जागरूकता योजना, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाऐं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं योजना एवं निःशुल्क विधिक सहायता व सलाह योजना के विषय में कानून जानकारी दी। बृजेश पटैल जिला विधिक सहायता अधिकारी ने नालसा टोल फ्री 15100, तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, पीड़ति प्रतिकर योजना एवं दिनांक 13 सितम्बर, 2025 को आयोजित नेशनल लोक अदालत के संबंध में जानकारी दी। उक्त शिविरों में, प्रभारी प्राचार्य जीवन लाल, प्राध्यापक प्रमोद कुमार शिव, संगीता अहिरवार, श्रीमति प्रभा पटैल एडब्ल्यूडब्ल्यू, श्रीमति सविता पटैल एडब्ल्यूडब्ल्यू, विनोद सिंह प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्राचार्य सुभाष चंद्रवर्मा, एस.एल. टांडिया प्राचार्य, श्रीमती अनीता पनिका आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं विद्यालय व आंगनबाड़ी के छात्र/छात्राऐं उपस्थित रहे। शिविरों के अंत में विद्यालयों में पंच-ज अभियान के तहत विद्यार्थियां एवं शिक्षकगणों के समन्वय से

## अज्ञात वाहन की ठोकर से घायल वृद्ध की उपचार के दौरान मौत



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। चचाई थाना अंतर्गत विवेकनगर में मुख्य मार्ग पर पैदल चल रहे 70 वर्षीय वृद्ध को सोमवार की शाम अज्ञात वाहन चालक ने ठोकर मार दी घायल वृद्ध को युवको द्वारा जिला चिकित्सालय अनूपपुर में उपचार हेतु भर्ती कराया उपचार दौरान वृद्ध की देर रात मौत हो गई। घटना की सूचना पर मंगलवार की सुबह मृतक के परिजनों की उपस्थिति में अस्पताल पुलिस द्वारा कार्यवाई की। चचाई थाना अंतर्गत विवेकनगर में रह रहे 70 वर्षीय वृद्ध जेठू चौहान जो रिटायर होने बाद परिजनों के साथ रह रहे थे सोमवार की शाम घर से कुछ दूर पर अनूपपुर चचाई अमलाई मुख्य मार्ग के किनारे पैदल चल रहे थे तभी रेस्क्यू कालोनी के पास अचानक एक अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए वृद्ध को ठोकर मार दी जिससे वृद्ध के सिर, माथे के साथ शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आयी। इस बीच कुछ युवकों द्वारा घायल वृद्ध को बिना देर किये मोटरसाइकिल में बैठा कर जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाकर उपचार हेतु भर्ती कराया वृद्ध की उपचार दौरान मौत हो गई। वृद्ध की पहचान पुलिस के द्वारा करते हुए परिजनों को सूचना दिए जाने पर परिजनों के पहुंचने तथा मंगलवार की सुबह जिला अस्पताल पुलिस के द्वारा पंचनामा एवं पीएम की कार्यवाई करते हुए मृतक के शव का अंतिम संस्कार किए जाने हेतु परिजनों को सौपा, पुलिस के द्वारा अज्ञात वाहन की विभिन्न माध्यमों से तलाश की जा रही है।

## चेक बाउंस मामले में विक्की रौतेल को 6 माह की सजा

अनूपपुर। चेक बाउंस के दो साल पुराने मामले में अनूपपुर न्यायालय ने विक्की रौतेल को दोषी करार देकर 6 महिने की सजा सुनाई और इसके साथ ही दोषी को सात लाख चौरानवे हजार इक्कतीस रूपए. परिवादी श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड को वापस करने के आदेश दिए है। उक्त दोषी विक्की रौतेल के खिलाफ श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड शाखा अनूपपुर ने न्यायालय में चेक बाउंस का केस दायर किया था बचाव पक्ष के वकील ने दोषी के सजा माफ करने के लिए अदालत में दलील दी। श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के पैनल सीनियर अधिवक्ता अमित सिंह परिहार ने दलील दी मामला साबित हो चुका है। दोषी अभी तक कम्पनी को पैसे नही दिए गए हैं। श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के अधिवक्ता नीरज नायक ने दोषी विक्की रौतेल को कड़ी सजा और चेक अमाउंट के दुगने मुआवजे की मांग की, अदालत ने दोनो पक्षों की दलीलें सुनने के बाद दोषी विक्की रौतेल को सजा सुनाई है। परिवादी श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के कलेक्शन मैनेजर प्रतीक मिश्रा ने न्यायालय के फैसले से खुशी जाहिर कि है।

# विभिन्न मांगों को लेकर तहसीलदार व नायब तहसीलदारों की हड़ताल जारी

### न्यायिक और गैर-न्यायिक कार्यों में विभाजन पर जता रहे आक्रोश




हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। प्रदेश के राजस्व विभाग के तहसीलदार, नायब तहसीलदारों ने अपनी मांगों को लेकर 6 अगस्त से मोर्चा खोला है, जो 13वें सोमवार को दिन भी जारी हैं। जिसके चलते कामकाज ठप्प पड़ा हुआ है। हड़ताल के चलते किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में अब राजस्व विभाग हड़ताली तहसीलदार, नायब तहसीलदारों की जानकारी मांगी है। बताया जा रहा है कि प्रशासन ने हड़ताल पर बैठे सभी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। अनूपपुर जिले में तहसीलदार, नायब तहसीलदारों अपने-अपने कार्यालयों बैठे हैं किन्तुए जनता से जुडे कार्य नहीं कर रहें हैं। अनूपपुर तहसीलदार ईश्वकर प्रधान ने बताया कि यदि आदेश रद्द होता है तो सामान्य रूप से काम शुरू कर दिया जाएगा। मध्य प्रदेश राजस्व अधिकारी संघ ने राजस्व विभाग के उस फैसले का विरोध किया है। इस फैसले में तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों को न्यायिक और गैर-न्यायिक कार्यों में विभाजित कर दिया गया है। संघ के अनुसार, इस नए सिस्टम में कुछ अधिकारियों को केवल न्यायिक कार्य दिए गए हैं, जबकि अन्य को सिर्फ फील्ड वर्क करना होगा। इस अव्यवहारिक कार्य विभाजन से अधिकारियों में नाराजगी है। राजस्व अधिकारी संघ ने स्पष्ट किया है कि तहसीलदार और नायब तहसीलदार केवल आपदा प्रबंधन से संबंधित कार्यों को ही करेंगे अन्य काम नहीं करेंगे। उन्होंने यह भी कहा है कि वह सरकार द्वारा दिए गए वाहन भी लौटाएंगे। यह हड़ताल तब तक जारी रहेगी, जब तक मांगों पर विचार नहीं किया जाता। इस हड़ताल से भूमि रिकॉर्ड खसरा, खतौनी का पर्यवेक्षण, सत्यापन, अपडेट कराना, भूमि के स्वामित्व के हस्तांतरण और संपत्ति के विभाजन से संबंधित मामले, सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, कोर्ट में भूमि विवादों से संबंधित मामलों की सुनवाई, तहसील के कार्यकारी मजिस्ट्रेट के रूप में सामाजिक और कानूनी व्यवस्था, पटवारी, राजस्व निरीक्षक और अन्य कर्मचारियों पर प्रशासनिक नियंत्रण, बाढ़, सूखा, या आगजनी के दौरान राहत कार्यों का प्रबंधन प्रभावित हैं।

# विद्यालय की छात्र परिषद का अलंकरण समारोह आयोजित

### प्रधान न्यायाधीश अनूपपुर के मुख्य आतिथ्य में समारोह संपन्न



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में विद्यालय की छात्र परिषद का अलंकरण समारोह मनोज कुमार लड़ियां, प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय, अनूपपुर के मुख्य आतिथ्य में गरिमामय माहौल में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि का विद्यालय की कलर पार्टी द्वारा अगवानी कर स्वागत किया गया एवं उन्हें मंचासीन कराया गयाद्य तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा मुख्य अतिथि का हरित पादप देकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया तथा विद्यालय की छात्राओं ने मधुर स्वर में स्वागत गीत गाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। विद्यालय के प्राचार्य तिवारी द्वारा अपने स्वागत उद्बोधन में मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए विद्यालय में चल रही गतिविधिओं से मुख्य अतिथि को अवगत करवाया एवं छात्र परिषद् के गठन के उद्देश्यों एवं इसके सदस्यों के कर्तव्यों पर प्रकाश डाला इसके पश्चात अलंकरण समारोह प्रारंभ हुआ एवं मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय के कप्तान छात्र-छात्राओं व चारों सदनों के कप्तान छात्र-छात्राओं को पदक अलंकृत करवाये गए एवं उन्हें विद्यालय तथा सदन के ध्वज को सौंपा गयाद्य छात्र परिषद के अंतर्गत विद्यालय कप्तान (बालक) अनमोल मिश्रा, विद्यालय कप्तान (बालिका) श्रेया मिश्रा, विद्यालय उपकप्तान (बालक) अखिल त्रिपाठी, विद्यालय उपकप्तान (बालिका) पूर्णिमा तिवारी, विद्यालय खेल कप्तान (बालक) नैतिक भावुक, विद्यालय खेल कप्तान (बालिका) भारती नामदेव तथा चारों सदनों के पदाधिकारिओं को पदीय दाइत्वों की शपथ दिलवाई गयी इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा अपने प्रेरक आशीर्वचनों से अभिसिंचित करते हुए छात्र परिषद् के पदाधिकारियों को उनके पद धारित करने पर शुभकानाएं देते हुए उन्हें शुभाशीष प्रदान किया तथा उनसे प्रजातान्त्रिक मूल्यों के अनुसार सर्व सहमति से निर्णय लेने हेतु आह्वान किया। मुख्य अतिथि ने बाल अधिकारों तथा उनको लेकर विद्यार्थिओं को जागरूक रहने को लेकर विस्तार से चर्चा की द्यकार्यक्रम के अंत में विद्यालय के हिंदी विषय के प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक रामगोपाल प्रजापति द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के प्राथमिक शिक्षक उत्कर्ष त्रिपाठी द्वारा किया गया।

## अमरकंटक में अनोखी संरचना के कारण श्री राम सेतु ब्रिज बना पर्यटन का नया आकर्षण



हरिभूमि न्यूज अमरकंटक। अमरकंटक में निर्मित श्री राम सेतु ब्रिज तीर्थनगरी का एक प्रमुख पर्यटन स्थल बन गया है। लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह भव्य पुल अपनी अनोखी संरचना और प्राकृतिक सुंदरता के कारण श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। सस्पेंशन ब्रिज यह पुल मां नर्मदा नदी पर निर्मित है, जो तकनीकी दृष्टि से एक उत्कृष्ट सस्पेंशन ब्रिज है। 51 फीट ऊँची मां नर्मदा प्रतिमा पुल के एक ओर नदी के बीचो-बीच स्थापित भव्य प्रतिमा विशेष आस्था और आकर्षण का केंद्र है। मंदिर परिसर पुल के दूसरी ओर स्थित मंदिर परिसर इसकी धार्मिक एवं सांस्कृतिक गरिमा को और भी बढ़ाता है। प्राकृतिक व ऐतिहासिक सौंदर्य दक्षिण दिशा में फैला संघन वन और उत्तर दिशा में लहराता भव्य तिरंगा इस स्थल की भव्यता में चार चांद लगाते हैं। प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु एवं पर्यटक इस स्थल पर पहुंचकर आस्था और पर्यटन का अनुभव कर रहे हैं। आधुनिक दौर में सेल्फी का आकर्षण भी यहां की विशेष पहचान बन गया है। श्री राम सेतु ब्रिज न केवल अमरकंटक की धार्मिक पहचान को सशक्त करता है, बल्कि इसे पर्यटन मानचित्र पर एक नई ऊँचाई भी प्रदान करता है।

# हाई और हायर सेकण्डरी स्कूल की त्रैमासिक परीक्षा की समय सारणी जारी

### 28 अगस्त से शुरू होंगी परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। प्रदेश के शासकीय स्कूलों में इस वर्ष कक्षा 9 से कक्षा 12वीं तक की त्रैमासिक परीक्षाएं 28 अगस्त से शुरू हो रही है। इस संबंध में आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेश के समस्त संभागीय संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी को दिशा निर्देश जारी किये है। परीक्षाएं हाई-हायर सेकण्डरी स्कूल की 28 अगस्त से शुरू होंगी। यह परीक्षाएं 9 सितम्बर तक सम्पन्न हो जायेंगी। त्रैमासिक परीक्षा के प्रश्न पत्र विमर्श पोर्टल पर भेजे जायेंगे। इससे राज्य स्तर पर परीक्षा पेपर की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सकेंगी। निर्देशों में अभिभावकों और शिक्षकों की मीटिंग (पीटीएम) आयोजित करने के लिये कहा गया है। यह मीटिंग सभी स्कूलों में 16 सितम्बर को होंगी। मीटिंग में बच्चों के अभिभावकों को उत्तर पुस्तिकाओं का अवलोकन कराया जायेगा। इस व्यवस्था के लिये संयुक्त संचालक एवं जिला शिक्षा अधिकारी को अलग-अलग दल गांठत कर न्यूनतम 10-10 स्कूलो का निरीक्षण करने के लिये कहा गया है। त्रैमासिक परीक्षा के परिणाम 20 सितम्बर तक विमर्श पोर्टल पर प्रविष्ट करने के लिये भी कहा गया है। परीक्षा की समय सारणी स्कूलों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने के लिये भी कहा गया है।

### अगले शैक्षणिक सत्र में अपार आईडी होगी अनिवार्य

माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई स्कूल और हायर सेकण्डरी परीक्षा सत्र वर्ष 2026-27 अपार आईडी व्यवस्था अनिवार्य की गई है। मण्डल की समस्त परीक्षाओं के फॉर्म में यूडीआईएसई पोर्टल पर आधारित विद्यार्थियों के लिये स्थाई शैक्षणिक आईडी (अपार) ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक एकाउण्ट को अनिवार्य किया गया है। इस शैक्षणिक सत्र वर्ष 2025-26 के लिये कक्षा 9वीं से 12 में भरे जाने वाले आवेदन पत्रों में अपार आईडी को वैकल्पिक किया गया है। आगामी सत्र वर्ष 2026-27 में यह व्यवस्था अनिवार्य होगी।

# स्व. राजीव गांधी की जयंती पर आज कांग्रेस निकालेगी रैली



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की जयंती पर आज सुबह 11 बजे से जिला स्तरीय बैठक आयोजित कर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा गोष्ठी का आयोजन होगा तथा नए परिप्रेक्ष्य में सेवा दल में कार्यकर्ताओं को नियुक्त कर जिम्मेदारी दी जाएगी तथा अनूपपुर जिला कांग्रेस सेवादल के तत्वावधान में कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन से भव्य रैली निकाली जाएगी। इस अवसर पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा विचार गोष्ठी तथा रैली में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ राजीव भवन से होगा और विभिन्न मार्गों से होते हुए रैली स्थानीय बस स्टैंड तक पहुंचेगी कांग्रेस सेवा दल के संयोजक एवं प्रशिक्षक एहसान अली अंसारी ने जानकारी देते हुए कहा कि स्व. राजीव गांधी ने देश की उन्नति और नवाचार के क्षेत्र में ऐतिहासिक योगदान दिया। उनके आदर्श आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी दृ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, नगर कांग्रेस अध्यक्ष, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई और किसान कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिला कांग्रेस अध्यक्ष जोहर अली, नगर अध्यक्ष राजेश गोस्वामी, राम सजीवन गौतम मीडिया प्रभारी प्रदीप मिश्रा जाहिर बख्श महिला कांग्रेस अध्यक्ष संध्या वर्मा, युवक कांग्रेस अध्यक्ष, सेवादल अध्यक्ष सहित अन्य नेताओं ने कांग्रेस परिवार से अधिकाधिक संख्या में रैली में शामिल होने की अपील की है।

**न्यायालय श्रीमान अरविन्द कुमार बरला व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01 कोतमा, जिला - अनूपपुर (म.प्र.)**

अंकुर वर्मा उम्र 52 वर्ष पिता डॉ. राजेन्द्र कुमार वर्मा आर.के. वर्मा ) निवासी - वार्ड नं0-08, कोतमा, थाना व तहसील-कोतमा, जिला - अनूपपुर म.प्र.--आवेदक

बनाम

1.शाखा प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा सोहागपुर, बुढ़ार रोड, शहडोल,जिला-शहडोल म.प्र

2. अन्य जो प्रकरण से संबंधित हो---अनावेदकगण

**इश्तहार**

उपरोक्त आवेदक ने इस न्यायालय में एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा-372 भा.उ.अधि. के तहत पेश किया है जो स्व. डॉ. राजेन्द्र कुमार वर्मा (आर.के. वर्मा) निवासी-वार्ड नं.-08, कोतमा, थाना व तहसील- कोतमा, जिला अनूपपुर म.प्र. आवेदक के पिता है जिनकी मृत्यु दिनांक- 16/12/2019 को कोतमा, तहसील - कोतमा, जिला - अनूपपुर म.प्र. में हो गया है। मृतक के नाम पर अनावेदक क्रं-01 के यहां बचत खाता क्रं-12930100001693 में लगभग 7,00,000/- (सात लाख रुपए) जमा है जिसे प्राप्त करने की आवेदक एकमात्र उत्तराधिकारी है के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया जावे। यह कि मृतक डॉ. राजेन्द्र कुमार वर्मा (आर.के. वर्मा) के नाम पर उक्त अनावेदक क्रं-01 के कार्यालय (बैंक) में जमा रकम को प्राप्त करने का अन्य कोई उत्तराधिकारी/वारिसान हो तो इस न्यायालय में पेशी दिनांक-27/09/2025 को उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे अन्यथा नियमानुसार उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र आवेदक के पक्ष में जारी कर दिया जावेगा। यह कि आज दिनांक- 18/08/2005 को न्यायालय के सील व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

स्थान- कोतमा
दिनांक- 18/08/25

सील

अरविन्द कुमार बरला
व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01
कोतमा, जिला-अनूपपुर म.प्र.